तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 12 अगस्त 2025





11 सरस्वती शिशु मंदिर में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया ...





12 पालक-शिक्षक बैठक में बच्चों को समय देने पर दिया जोर









# बालोद परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण, समय सीमा में कार्य निपटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

■ मटिया में प्रस्तावित ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर स्थल का निरीक्षण

परिवहन विभाग के सचिव एस प्रकाश, अपर परिवहन आयुक्त डी रविशंकर, उप परिवहन आयुक्त मनोज सिंह धुरव, क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी मृत्युंजय पटेल ने जिला परिवहन कार्यालय बालोद का औचक निरीक्षण किया।

उनके द्वारा जिला परिवहन कार्यालय बालोद में उपस्थिति पंजी, सभी शाखाओं से संबंधित कार्यों एवं रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालयीन समय में उपस्थित होने एवं जाने के संबंध में निर्देशित करते हुए शाखा से संबंधित सभी कार्यों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के तहत अनिवार्य रूप से समय–सीमा में निराकरण करने हेतु संबंधित शाखा प्रभारी को निर्देश दिए। उन्होंने जिले के 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने हेतु जिला स्तर पर वाहनों की संख्या के आधार पर अनुबंधित कंपनियों के फिटमेंट सेंटरों की संख्या में वृद्धि करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कस्बों, गांव में शिविर आयोजित कर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने दिए निर्देश



### ऑनलाइन कार्य की समझाइश

कार्यालय के विभागीय कार्यों को ऑनलाईन कर सारथी एवं वाहन के माध्यम से किये जाने हेतु निर्देशित किया। जिला परिवहन कार्यालय बालोद के निरीक्षण पश्चात उन्होंने बालोद जिले में निजी संस्थान द्वारा व्यवसायिक वाहनों के ड्रायविंग संस्थान की स्थापना ग्राम मटिया में ड्राईविंग ट्रेनिंग सेंटर के स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी प्रकाश कुमार रावटे सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे केदार कश्यप

**बालोद।** वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग मंत्री केदार कश्यप 15 अगस्त 2025 को जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उनके द्वारा सुबह 09 बजे ध्वजारोहरण किया जाएगा।

### स्वतंत्रता दिवस पर बालोद में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन

**बालोद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद में 14 अगस्त को जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालोद द्वारा स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक जिला खेल अधिकारी प्राची ठाकुर ने बताया कि स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन 14 अगस्त को प्रातः 07.30 बजे होगा। दौड़ सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान से शुरू होकर घड़ी चौक, संजारी क्लब, गायत्री मंदिर के सामने से विश्राम भवन की ओर होते हुए वापस सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बालोद में समाप्त होगी। उक्त स्वतंत्रता दौड़ में जिले के समस्त गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यालय, महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, विद्याथऍं, समस्त खेल संघ के पदाधिकारी सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

### छात्रा से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

**लाटाबोड़।** बालोद थाना क्षेत्र की एक बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ ग्राम बोरी निवासी भूपेन्द्र साहू ने 3 अगस्त को छेड़छाड़ की। छात्रा के अनुसार आरोपी ने मोटरसाइकिल से पीछा कर आंगनबाड़ी केंद्र के पास अश्लील हरकत की। परिजनों व ग्रामीणों की मदद से आरोपी को पकड़ा। थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75(1) व 78 के तहत मामला दर्ज कर रिमांड पर भेजा गया है।

### युवक ने धारदार हथियार से किया हमला, अपराध दर्ज

**बालोद।** गुंडरदेही के वार्ड नंबर 3 निवासी इंदू ठाकुर जो पेशे से ड्राइवर हैं, ने अपने दोस्तों के साथ शराब पीने के दौरान हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह घटना रेलवे स्टेशन के पास एक छोटे नाले के पुल पर हुई। इंदू ठाकुर के अनुसार, वे अपने दोस्त भारत ढीमर और देवा ठाकुर के साथ पुल के पास बैठकर शराब पी रहे थे। उसी समय उनके मोहल्ले का लक्ष्मण राजपूत वहां आया और पुरानी रंजिश को लेकर उनसे और भारत से गाली-गलौज करने लगा। बात इतनी बढ़ गई कि लक्ष्मण ने दोनों के साथ हाथ-मुक्कों से और अपने पास रखी धारदार वस्तु से मारपीट की। इस हमले में इंदू ठाकुर को बाएं कंधे और पीठ पर चोटें आईं। उनके दोस्त भारत को बाएं कान और सीने पर चोटें लगी, और लक्ष्मण ने उसे दांत से काट भी लिया, जिससे काफी खून बह गया। इंदू ठाकुर की शिकायत पर पुलिस ने लक्ष्मण राजपूत के खिलाफ धारा 118(1), 296 और 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

## हादसा

**बाल-बाल बचे 40 यात्री, कुछ यात्रियों को आयी मामूली चोट**

# तेज रफ्तार बस शेड को तोड़ते ट्रैक्टर से टकरायी




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

यात्रियों को लेकर कांकेर से निकली बस तड़के हादसे का शिकार हो गई। हादसे के समय बस की गति बहुत तेज थी, जिसमें सवार 40 से अधिक यात्री बाल-बाल बचे। कुछ को मामुली चोट पहुंची है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरुर ब्लॉक के पुरूर थाना अंतर्गत ग्राम कोचवाही की है, जहां सोमवार की सुबह करीब 4 बजे यात्रियों से भरी एक बस दुर्घटना का शिकार हो गई। कांकेर रोडवेज कंपनी की बस जो जगदलपुर से धमतरी-रायपुर को ओर जा रही थी, कोचवाही पहुंचते ही एक दुकान के बाहर लगे टीन शेड को तोड़ते हुए वहां खड़ी ट्रैक्टर ट्राली जा से भीड़ी। गनीमत रहा कि यात्रियों को कोई गंभीर चोट नहीं आई। समझा जा रहा है कि बस चालक को झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ होगा। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटी है।




स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि घटना के कुछ देर बाद कांकेर रोडवेज कंपनी की अन्य बस आई और दुर्घटनाग्रस्त बस के चालक को अपने साथ ले गई। वहीं यात्रियों को भी दूसरी बस से रवाना किया गया। बस भारी भरकम टीन शेड को तोड़ते हुए ट्रैक्टर से भिड़ी और एक नीम के पेड़ से टकराने के बाद रुकी। हादसे में झलेंद्र हिरवानी के दो ट्रैक्टर, भागवत यादव का एक थ्रेसर क्षतिग्रस्त हुआ है।

### यात्रियों का दावा ड्राइव ने माकड़ी ढाबे में पी शराब

यात्रियों का दावा है कि बस का ड्राइवर माकड़ी में खाना खाने रुका था, जहां उसने शायद शराब भी पी थी। क्योंकि इसके बाद बस आगे बढ़ने के दौरान लगातार लहराने लगी थी, लहराने का क्रम लगातार बढ़ रहा था। कोचवाही के पहले वन विभाग का नाका है, वहां पर भी बस दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बची। यात्रियों की बातों को बल इसलिए भी मिल रहा है कि घटना के तुरंत बाद बस के ड्राइवर को वहां से ले जाया गया। क्योंकि ड्राइवर के घटना स्थल पर रहने से ड्राइवर के शराब पीने के मामले की सच्चाई सामने आ जाती। बहरहाल मामले में पुरुर पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद ही घटना की असल वजह सामने आ सकेगी।

# नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

■ पीड़ित युवक ने थाने में दर्ज करायी नामजद रिपोर्ट

शिक्षक की नौकरी लगाने के नाम से धोखाधड़ी करने वाले चार लोगों के खिलाफ पीड़ित युवक ने बालोद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने धारा 3(5), 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

पीड़ित युवक पाण्डेपारा बालोद थाना व जिला बालोद निवासी आकाश ढीमर पिता शिवकुमार 34 वर्ष ने पुलिस को बताया कि माह दिसम्बर वर्ष 2024 में ब्रेनिपीडिया एडुटेड प्रा.लि. सक्ती के एडवाईजर नकटीडीह विकासखण्ड बम्हनीडीह, तहसील व जिला जांजगीर-चांपा निवासी गोपाल सिंह उर्फ चंद्रप्रताप जोशी ने अपने सहयोगी दीपक कुमार कर्स, सुर्यप्रताप जोशी, गौरीशंकर राव के साथ हमारे घर पाण्डेपारा बालोद आकर मुझे ब्रेनिपीडिया एडुटेड प्रा लि सक्ती में शिक्षक की नौकरी दिलाने के लिए बात की।

उन्होंने बताया कि 4.50 लाख रूपये अगर तुम दोगे तो मैं तुम्हे ब्रेनिपीडिया एडुटेड सक्ती के माध्यम से बालोद में ही सरकारी स्कूल में शिक्षक की नौकरी दिला दूंगा। उसके कहने पर मैं उनके बातों से प्रभावित होकर स्वयं के घर में जमा किया गया 3.50 लाख एवं 1 लाख रूपये मेरे डेढ़ साला से लेकर पिछले साल 30 दिसंबर को मेरे निवास स्थान पाण्डेपारा बालोद में झलमला निवासी कुंभकरण ठाकुर, हीरापुर निवासी अरूण साहू के सामने गोपाल उर्फ चंद्रप्रताप जोशी को उनके सहयोगी दीपक कुमार, सुर्यप्रताप जोशी, गौरीशंकर राव के कहने पर गोपाल उर्फ चंद्रप्रताप जोशी को 4.50 लाख दिया। पैसा लेकर गोपाल उर्फ चंद्रप्रताप जोशी अपने सहयोगी के साथ चला गया, दी गई रकम का पावती मांगने पर पावती नहीं लगेगी, तुम लोग मेरा विश्वास करो कहा गया। इसके करीबन 15–20 दिन बाद गोपाल उर्फ चंद्रप्रताप जोशी ने आपकी ट्रेनिंग ऑनलाइन दी जावेगी कहकर बताया, जिसमें मुझे लगभग 15 दिन ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई, उसके बाद 2 माह गर्मी की छुट्टी है, स्कूल खुलने पर आपको ज्वाइनिंग दी जायेगी कहा गया, किंतु स्कूल खुलने पर शिक्षकों की ज्वाइनिंग रोक दी है, इसलिए आपकों शिक्षक की नौकरी नहीं मिल पाएगी बताया गया। प्रार्थी आकाश ढीमर ने आरोप लगाया ▸▸ शेष पेज 10 पर

## गंजईडीह में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान चलाया



**डौंडीलोहारा।** जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंजईडीह में हर घर तिरंगा एवं हर घर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें सरपंच उपसरपंच पंचायत प्रतिनिधि और भारत माता वाहिनी के स्वच्छाग्राही मातृशक्ति माताएं एवं समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

### छह साल के संघर्ष के बाद पत्नी को मिली जीत

**लाटाबोड़/दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा की नीता ने 6 साल के कानूनी संघर्ष के बाद जीत मिली। विवाह के बाद पति द्वारा मारपीट, प्रताड़ना और कुपोषित व बीमार बच्ची के जन्म के बाद ससुराल से निकाल दिया गया था। नीता ने अधिवक्ता भेष कुमार साहू के माध्यम से परिवाद दायर किया, जिस पर न्यायाधीश ने आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 2 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। सामाजिक संस्थाओं ने पीड़िता की बच्ची के इलाज में मदद का आश्वासन दिया।

## गाली-गलौज और मारपीट करने वाले के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

■ पुलिस ने दो के खिलाफ किया अपराध पंजीबद्ध

अपने खिलाफ रिपोर्ट दर्ज से नाराज व्यक्ति ने अपनी भतीजी को घर छोड़ने जा रही युवती के साथ गाली गलौज व मारपीट कर दी, जिसके बाद युवती ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिस पर पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

ग्राम परसाडीह निवासी ज्योति किरण भुआर्य ने पुलिस को बताया है कि वह एमए. तक पढाई की है। घरेलु कार्य करती हूं, शाम को वह अपनी भतीजी आशी भुआर्य को अपने घर से बडे पापा के घर छोडने जा रही थी, तभी घर के बाहर गली में पडोस में रहने वाला जालम सिंह साहू द्वारा हमारे खिलाफ केश किये हो कहकर उसे देखकर व उसके पिता का नाम लेकर गाली गलौच करने लगा, तब उसके द्वारा गाली देने से मना करने पर जालम सिंह द्वारा हाथ मुक्का से मारपीट किये है। जिससे दाहिने हाथ के अंगूठे में मारपीट करने से चोट आया है, जिससे दर्द हो रहा है।

झगडा विवाद की आवाज को सुनकर उसकी भाभी टिकेश्वरी भुआर्य घर से बाहर आई और झगडा विवाद को छुडाये तो जालम सिंह साहू और उसके लडका ईश्वर साहू द्वारा उसकी भाभी टिकेश्वरी भुआर्य से मारपीट किये है, जिसे उसके हाथ में खरोच आई है। थोडी देर बाद उसके पापा के आने पर ईश्वर साहू द्वारा उसके पापा को देख लेने की धमकी दिया है।

## नपा के पांच वार्ड अनारक्षित श्रेणी के लिए आरक्षित

### नगर पालिका चुनाव के लिए पूरी हुई आरक्षण प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या मिश्रा ने बताया कि संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994, के नियम 22 क के अनुसरण में नगर पंचायत पलारी के पार्षद के निर्वाचन हेतु आरक्षण की कार्यवाही संपन्न की गई। उन्होंने बताया कि आरक्षण की कार्यवाही पश्चात नगर पंचायत पलारी के वार्ड क्रमांक 1, 2, 5, 10 एवं 12 के लिए अनारक्षित मुक्त होंगे। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 3, 6 एवं वार्ड 13 के लिए अनारक्षित महिला, वार्ड क्रमांक 4, 7 एवं 9 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्रमांक 8 एवं 11 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्रमांक 14 के लिए अनसूचित जनजाति मुक्त एवं वार्ड क्रमांक 15 के लिए अनुसूचित जाति मुक्त के लिए आरक्षित की गई है। इस दौरान गुरूर एसडीएम रामकुमार सोनकर एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश साहू सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और नगर पंचायत पलारी के नागरिकगण उपस्थित थे।

**पारंपरिक वेशभूषा में सजी झांकी, आदिवासी गौरव का उत्सव**

# सांस्कृतिक रंग में मनाया विश्व आदिवासी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम भाठागांव (आर) और मुंडेरा में आदिवासी समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे–संवरे आदिवासी समुदाय के लोगों ने जुलूस निकाला, जिससे पूरा वातावरण सांस्कृतिक रंग में रंग गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर थी। इस अवसर पर सभा का भी आयोजन हुआ। जिसमें आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत और उनके योगदान को सम्मानपूर्वक याद किया गया। तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि आदिवासी समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली और है। ब्रिटिश शासन के खिलाफ कई लड़ाइयों में आदिवासियों ने अपनी वीरता दिखाई। उन्होंने रानी दुर्गावती जैसे वीरांगनाओं का उल्लेख किया जिन्होंने मुगलों के खिलाफ संघर्ष किया था। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आदिवासी समाज भारत की समृद्ध विरासत का अहम हिस्सा हैं और उनकी परंपराओं को संरक्षित करते हुए विकास को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अनेक आयोजन किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। भाठागांव आर के कार्यक्रम में डीएल धुर्वे, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, सरपंच रुपेश्वर यादव, पूर्व जनपत सदस्य संजय साहू, सलीम खान, दुलार सिंह ठाकुर, टी.आर नागवंशी, अंगद ठाकुर, उमाशंकर नेताम तथा मुन्देरा के कार्यक्रम में दिलीप मंडावी, भोजराज साहू, थान सिंह मंडावी, ओमप्रकाश राय, प्रीति मोहित ग्वालियर, रामदयाल शोरी, प्रीतम सिंह नेताम, गुमान सिंह मंडावी, जगदीश शोरी, समेश्वर नेताम, उदघोषक नीरज ठाकुर सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के प्रबुद्धजन शामिल हुए।






# हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता थीम पर मनेगा 79वां स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में (प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त और तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त) किया जा रहा है, जो हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता - स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित है। इसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उक्त कार्यक्रम अंतर्गत गतिविधियों के संचालन करने के लिए क्षेत्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## गतिविधियों के संचालन करने हेतु क्षेत्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त

### संस्कृति विभाग के निर्देशों पर करेंगे कार्य

पंचायत क्षेत्रों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग को, नगर पालिका निगम क्षेत्र में आयुक्त नगर पालिक निगम (सर्व) जिला दुर्ग को, नगर पालिका परिषद् क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् (सर्व) जिला दुर्ग को तथा नगर पंचायत क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत (सर्व) जिला दुर्ग को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी कार्यालयों, विभागीय गतिविधियों के संचालन के लिए संबंधित कार्यालय प्रमुख (सर्व) जिला दुर्ग प्रभारी अधिकारी होंगे। सभी नियुक्त नोडल अधिकारियों को संस्कृति विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करने कहा गया है।



### किया जाएगा प्रोत्साहित

जारी दिशा-निर्देश के अनुसार जिले के अन्तर्गत सार्वजनिक उपक्रमों स्व-सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि के समस्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्पोरेट और निजी संगठनों को भी सीएसआर संसाधनों सहित भाग लेने और योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार की वेबसाइट्स और सोशल मीडिया का उपयोग कर जागरूकता का निर्माण करने तथा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग आयोजित कार्यक्रम को वेबसाइट के माध्यम से लिंक किया जाएगा।

### कार्यक्रम को सफल बनाने प्रचार-प्रसार के निर्देश

शासन स्तर पर मॉनिटरिंग कर ग्राम सरपंचों एवं नगरीय निकाय के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित कर तिरंगा कोड को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त तिरंगा की मांग अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। शासकीय स्तर पर प्रत्येक गांव में तिरंगा वितरण और बिक्री केन्द्र स्थापित किया जाना है। इसके लिए स्थानीय स्व-सहायता समूहों को तिरंगा के निर्माण एवं ग्राम पंचायतों द्वारा बड़े पैमाने पर समूह में खरीदी के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य के सभी जिलों में तिरंगा के वितरण, बिक्री केन्द्र के रूप में पोस्ट ऑफिस, उचित मूल्य की दुकान का नेटवर्क स्थापित किया जाएगा। टोल नाका, चेक पोस्ट आदि में पैम्पलेट-स्टीकर वितरण किये जाएंगे। भारत सरकार द्वारा निर्धारित गतिविधियों जैसे समस्त शासकीय भवनों एवं सस्थानों आवासीय भवनों में तिरंगा लाईटिंग, रंगोली, सेल्फी जोन एवं तिरंगा फहराना एवं पैम्पलेट, बैनर, स्टैंण्डिज आदि के माध्यम से हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग कार्यक्रम को सफल बनाने स्थानीय भाषाओं में प्रमुखता से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अहाता निर्माण के लिए राशि मंजूर करने भाजपा सदस्य ने लिखी मंत्री को चिट्ठी



**बालोद।** भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव ने कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम को मांग पत्र लिखकर बालोद जिले के बालोद, गुण्डरदेही, चिखलाकसा, डौंडीलोहारा के मुस्लिम कब्रिस्तान में अहाता निर्माण के लिए राशि स्वीकत करने की मांग की है। मांग पत्र के संदर्भ में राकेश यादव ने बताया कि लगातार मुस्लिम समुदाय के लोग वर्षों से अपने कब्रिस्तान में अहाता निर्माण की मांग कर रहे हैं। कब्रिस्तान में सर्वसुविधा युक्त अहाता निर्माण होने से उनकी जमीन भी सुरक्षित रहेगी एवं असामाजिक तत्त्व के लोगों का आना जाना भी बंद होगा। लगातार मुस्लिम समाज की मांग पर उनके द्वारा मंत्री रामविचार नेताम से अहाता निर्माण हेतु राशि स्वीकृति की मांग की गई है। भाजपा नेता राकेश यादव की इस पहल पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री शाहिद खान, ताहिर ताज, आरिफ तिगाला, सलीम तिगाला, आबिद बख्स, कासिम कुरैशी सहित अनेक लोगों ने आभार व्यक्त किया है।

### पुरानी रंजिश पर युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** शाम के समय घर के अंदर कमरे में सो रहे व्यक्ति से गांव का एक व्यक्ति पुरानी रंजिश को लेकर घर में आकर गाली गलौज करने लगा जिसे मना करने पर पीड़ित व्यक्ति के साथ गाली गलौज व मारपीट को अंजाम दे दिया, जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस मे रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिस पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 331(3), 351(3) के तहत रिपोर्ट दर्ज किया है। ग्राम रूदा निवासी नागेश कश्यप ने पुलिस को बताया कि वह राज मिस्त्री का काम करता है, शाम को वह अपने घर के अंदर कमरा में सोया हुआ था, उस समय उसके माता एवं पिताजी घर के परछी में बैठे थे, उसी समय उसके गांव के उशेन बारले नामक व्यक्ति उसके घर के अंदर घुसा और पुरानी रंजिश को लेकर उसे हाथ मुक्का तथा अपने हाथ में पहने हुए कडा से मारपीट किया है। मारपीट करने से बाये माथे भाग व ऊपर बीच भाग में चोटे आकर खून निकला है। जिसे माता मालती बाई कश्यप एवं पिता राधेश्याम कश्यप छुडाये है, घटना के बाद वह घर से भाग गया।

### बायोगैस संयंत्र के संबंध में विभागों से मंगाए अभिमत

**दुर्ग।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा राज्य के नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट सह कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण हेतु बायो सीएनजी संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इसी अनुक्रम में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भूमि आबंटन के संबंध में अधिकारियों के साथ राय शुमारी की गई। जिले के नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत वार्ड-क्र. 22 कुरूद बस्ती अंतर्गत शासकीय भूमि में सीबीजी परियोजना अंतर्गत बायोगैस संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

## कमरछठ पर्व : कमरछठ पर्व पर नदी-तालाब किनारे होगी पारंपरिक पूजा-अर्चना

# बाजार में पसहर चावल की मांग चरम पर, कीमतें 250 रुपये किलो तक पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा





भादो मास के कृष्ण पक्ष की छठी तिथि पर मनाया जाने वाला पारंपरिक हलषष्ठी पर्व, जिसे स्थानीय बोली में कमरछठ कहा जाता है, इस वर्ष 14 अगस्त को पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पर्व की आहट के साथ ही दल्लीराजहरा शहर के बाजारों में तैयारियों का माहौल चरम पर है। महिलाएं पूजा सामग्री की खरीददारी में जुटी हुई हैं, वहीं पसहर चावल की मांग इस बार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।

■ छह प्रकार की मौसमी सब्जियां और भैंस के दूध से होगा हलषष्ठी का भोग

कमरछठ (हलषष्ठी) के पर्व पर पसहर चावल की बहुत मांग है। यह पर्व संतान की लंबी उम्र के लिए मनाया जाता है और इस दिन पसहर चावल का विशेष महत्व है। यह चावल बिना हल के उगाया जाता है और इसे व्रत तोड़ने के लिए खाया जाता है। बाजार में पसहर चावल 200 से 300 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। कमरछठ (हलषष्ठी) पर्व, जिसे छत्तीसगढ़ में कमरछठ या ललही छठ के नाम से भी जाना जाता है, संतान की लंबी उम्र के लिए माताओं द्वारा रखा जाने वाला एक महत्वपूर्ण व्रत है. इस पर्व पर, माताएं भगवान शिव और गौरी गणेश की पूजा करती हैं और पसहर चावल, छह प्रकार की भाजियां, महुआ के पत्ते, काशी के फूल, धान की लाई, भैंस का दूध, दही आदि अर्पित करती हैं।

पसहर चावल का इस व्रत में विशेष महत्व है क्योंकि यह बिना हल के उगाया जाता है। मान्यता है कि इस चावल को खाने से ही व्रत टूटता है. इस चावल को खेतों की मेड़, तालाब, पोखर या अन्य जगहों पर उगाया जाता है। इस दिन, माताएं पसहर चावल और छह प्रकार की भाजियों का भोग लगाकर व्रत तोड़ती हैं।

बाजार में पसहर चावल की मांग बढ़ गई है और महिलाएं इसे 250 से 300 रुपये प्रति किलो तक खरीद रही हैं। यह चावल मुख्य रूप से दल्लीराजहरा शहर के गुप्ता चौक,जैन भवन चौक आदि जगहों पर उपलब्ध है, इस चावल के अलावा, भैंस का दूध, दही, घी, महुआ, बेल पत्ती, कांशी, खमार, बांटी, टोकनी, लाई, आदि भी पूजा में उपयोग किए जाते हैं।

कुल मिलाकर, कमरछठ पर्व छत्तीसगढ़ में एक महत्वपूर्ण त्योहार है और पसहर चावल इस पर्व का एक अभिन्न अंग है.

हलषष्ठी माता की पूजा-अर्चना में बिना हल जोते उगने वाले पसहर चावल का विशेष महत्व है। परंपरा के अनुसार, इस दिन पसहर चावल के साथ छह प्रकार की मौसमी सब्जियों का भोग लगाया जाता है। इसके साथ ही भैंस का दूध, दही, घी, चना, लाई, महुआ, उड़द, गेहूं और कुलथी का भी अर्पण किया जाता है।

### भादो मास की छठी तिथि पर माताएं रखेंगी संतान की लंबी उम्र का व्रत

इस व्रत में महिलाएं पसहर चावल का सेवन कर संतान की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। इस बार दल्लीराजहरा बाजार में पसहर चावल की कीमतें आसमान छू रही हैं। जहां पिछले वर्षों में यह 150 से 2000 रुपये किलो मिलता था, वहीं इस बार 250 से 300 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। कीमत बढ़ने का कारण है इन चावलों को जुटाने की कठिन प्रक्रिया। यह धान खेतों में नहीं, बल्कि जंगलों, झाड़ियों, डबरियों, खाली पड़ी जमीनों और खेतों की मेड़ों पर स्वाभाविक रूप से उगता है, जिसे ग्रामीण महिलाएं और किसान बड़ी मेहनत से इकट्ठा करते हैं। पर्व के करीब आते-आते न केवल पसहर चावल की कीमतें बढ़ी हैं, बल्कि फूल-मालाओं, पूजा सामग्री और पारंपरिक वस्त्रों की बिक्री में भी तेजी आ गई है। शहर के हाट-बाजारों में रौनक देखते ही बन रही है। हलषष्ठी के दिन सुबह से ही महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर पूजा स्थलों पर पहुंचेंगी, और परंपरा के अनुसार नदी, तालाब या कुएं के किनारे पूजा-अर्चना कर विशेष भोग अर्पित करेंगी।

## बिजली व्यवस्था में बड़ा बदलाव

# स्मार्ट मीटर से प्रीपेड कनेक्शन और बकाया भुगतान में राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा



प्रदेश में बिजली व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी उपभोक्ताओं के कनेक्शन पोस्टपैड से प्रीपैड करने की योजना पर तेजी से काम कर रही है। इसके तहत दल्लीराजहरा शहर सहित बालोद जिले और पूरे प्रदेश में मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अब तक लाखों मीटर बदले जा चुके हैं। हालांकि, पोस्टपैड से प्रीपैड कनेक्शन में बदलाव की अंतिम तारीख तय नहीं है, लेकिन बदलाव के साथ ही बिजली बिल बकायों की वसूली का तरीका पूरी तरह बदल जाएगा।

■ स्मार्ट मीटर से पारदर्शी होगी, बिजली बिल भुगतान में बड़ा बदलाव

वही दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटरों को लेकर जनता में कई तरह की शिकायतें और समस्याएं हैं। कुछ लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल बहुत ज्यादा आ रहा है, जबकि कुछ लोगों को बिजली की खपत और बिलों के बारे में सटीक जानकारी नहीं मिल पा रही है।

नई व्यवस्था में जिन उपभोक्ताओं पर बकाया है, उन्हें राहत देते हुए किस्तों में भुगतान का विकल्प मिलेगा। पॉवर कंपनी की योजना के अनुसार, बकाया राशि 300 दिनों में चुकाई जा सकेगी। रोजाना बिजली खपत के हिसाब से प्रीपैड बैलेंस कटने के साथ-साथ बकाया का हिस्सा भी प्रतिदिन किस्त के रूप में घटता जाएगा।

कम राशि वाले बकायादारों के लिए यह बड़ी राहत साबित होगी, क्योंकि दो माह के बिल के बराबर की सुरक्षा निधि पहले से जमा रहती है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद प्रीपैड सिस्टम लागू होने पर कम बकाया सीधे इसी निधि से काटा जाएगा और बची हुई राशि उपभोक्ता को लौटा दी जाएगी। वहीं, जिनका बकाया सुरक्षा निधि से अधिक होगा, उनके लिए 300 दिनों में किस्तों में भुगतान करने की सुविधा लागू होगी।

दल्लीराजहरा विद्युत विभाग के अधिकारी सुनील ठाकुर कहते हैं कि यह बदलाव न केवल पॉवर कंपनी को बकाया से मुक्ति दिलाएगा, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए भी भुगतान प्रक्रिया को आसान और पारदर्शी बनाएगा।

## भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम डुमरटोला, मंगचुवा में हुआ

**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम डुमरटोला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में 16 दिन शनिवार को रात्रि 9 बजे से रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है जिसमें प्रवेश शुल्क 201 सामूहिक नृत्य प्रथम पुरस्कार 6001रू द्वितीय पुरस्कार 4001रू,तृतीय 2001रू,चतुर्थ 1001रू। इसी प्रकार युगल नृत्य प्रवेश शुल्क 151 रूपये प्रथम 3001रूपये,द्वितीय 2001रूपये, तृतीय 1001रूपये,चतुर्थ 701 रूपये इसी प्रकार एकल नृत्य प्रवेश शुल्क का 101 रुपए ,प्रथम 2001 रूपए ,द्वितीय 1501 रूपये ,तृतीय 1001रूपये ,चतुर्थ 501रूपये। आयोजन कर्ता जय श्री कृष्णा युवा आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासी डुमरटोला है। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा अधिक से अधिक कलाकारों को आने का अपील किया गया है।

### बच्चों को अब खेल, कविता और कहानियों के माध्यम से सीखने का मिल रहा अवसर

**दुर्ग।** धमधा विकासखंड के ग्राम तुमाखुर्द में सरकारी प्राथमिक शाला है। जहां पहली से पांचवी तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं। जहां 19 बच्चे अध्ययनरत हैं। लेकिन शिक्षक के अभाव में बच्चों को शिक्षा नहीं मिल पाती थी। पहली से पांचवी तक के बच्चों को केवल एक ही शिक्षक पढ़ाते थे। रोज सभी कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाई नहीं हो पाती थी। रोज पढ़ाई नही होने के कारण बच्चे स्कूल नही जाते थे। शिक्षा व्यवस्था में सुधार होने के बाद शिक्षा में गुणवत्ता आई है। बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की गई है। पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध होने से बच्चों का भी मन लगने लगा है। यह शिक्षा नीति में बदलाव आने के कारण संभव हो पाया है।

## खपरी नहर से छोड़ा गया पानी, 25 गांव के किसान होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की पहल पर खपरी नहर से किसानों के लिए पानी छोड़ा गया है। विधायक के निर्देश के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने पानी की समस्या को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की और आज खपरी नहर माइनर से पानी छोड़ा गया है। इससे 25 गांव के किसानों को लाभ होगा और उनकी फसलों को पर्याप्त पानी मिलेगा। विधायक ललित चंद्राकर ने किसानों की मांग को ध्यान में रखते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि पानी की समस्या का समाधान किया जाए। इस पहल के लिए किसानों ने विधायक ललित चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा किसानों की खुशहाली और समृद्धि ही हमारे क्षेत्र की प्रगति की कुंजी है। मैं अपने क्षेत्र के किसानों के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा।

■ विधायक ललित के प्रयासों से किसानों को मिला पानी

### महापौर को ब्रह्माकुमारी बहनों ने बांधी राखी



**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी बहनो ने महापौर श्रीमती अलका बाघमार के बंगले में पहुंचकर राखी बांधी।

## छात्राओं के लिए आर्थिक लक्ष्य निर्धारित करना आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए आवश्यक : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक्सलेन्स ग्लोबल स्किल ट्रेनिंग एण्ड डेव्लपमेन्ट आर्गनाइजेशन, नई दिल्ली एवं कौशल विकास सेल के तत्वाधान में एक दिवसीय वेबीनार का आयोजित किया गया। वूमेन एम्पावरमेन्ट ऑन फाइनेंशियल लिट्रेसी- एजुकेशनल मोटिवेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रदीप पाण्डे, सेबी, स्मार्ट ट्रेनर ने आर्थिक प्रबंधन के लक्ष्य निर्धारण के रणनीतियों से अवगत कराये। उन्होंने कहा कि छात्राओं के लिए आर्थिक लक्ष्य निर्धारित करना, उनके वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने और आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

■ वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि छात्राओं के विभिन्न लक्ष्य निर्धारण केवल एक उपयोगी शैक्षणिक उपकरण नहीं है अपितु यह एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है, जो व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देते हैं। प्रभावी तकनीकों को लागू करके जैसे स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण और सहायक वातावरण छात्राओं को आवश्यक कौशल विकसित करने में सहायता प्रदान करता है, जिसके महाविद्यालय समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करता रहता है।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने कॅरियर में विभिन्न कौशलों के समावेश एवं प्रशिक्षण के तहत इस आयोजन की महत्ता का वर्णन किया। उन्होनें कहा कि छात्राओं को अपने वर्तमान वित्तीय स्थिति को समझना, विशिष्ट, मापने योग्य, प्राप्य, प्रासंगिक और समयबद्ध लक्ष्य निर्धारण करना और फिर उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक योजना बनानी चाहिए। जागृत ठाकुर ने वेबीनार का संचालन किया।

## साइंस कॉलेज में आदिवासी दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

# भारतीय जनजातियों को आगे बढ़ाने का आगाज : रिचा ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन किया गया। आदिवासी समुदायों के अधिकार, संस्कृति व उनकी विरासत को संरक्षित करने उन्हें सम्मान दिलाने विश्व भर में आ दि वा सी दिवस मनाया जाता है।

■ कॉलेज के चारों हाउस में हुई प्रतिस्पर्धा

इसी तारतम्यता में शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में गठित विभिन्न हाउस गतिविधि के अंतर्गत विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, विवेकानंद व सुभाषचंद्र बोस हाउस के विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी दी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आशुतोष मंडावी, कुशाभाउ ठाकरे पत्रकारिता महाविद्यालय रायपुर थे। उन्होंने बताया कि यह दिवस आदिवासी की सभ्यता, संस्कृति, को याद करने व उन्हें उनके अधिकारों की मान्यता देने वाला है, उन्होंने बताया कि 2025 के विश्व आदिवासी दिवस की प्रमुख थीम आदिवासी लोग व कृत्रिम बुध्दिमता अधिकारों की रक्षा व भविष्य को आकार पर आधारित है। इसके द्वारा उन्हें आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम की विशेष अतिथि संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती रिचा ठाकुर थी। उन्होंनें इस तरह के आयोजन को भारतीय जनजातियों को आगे बढ़ाने का आगाज बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने कहा कि इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य स्वदेशी समुदायों के योगदान को उजागर करना उनके अधिकार एवं संरक्षण के महत्व पर जोर देना, अभी भी आदिवासी सभ्यता अपने अस्तित्व एवं जल, जंगल एवं जमीन के लिए कार्यक्रम का संचालन डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी, सहायक प्राध्यापक हिन्दी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राकेश तिवारी, प्राध्यापक गणित ने किया। डॉ. तरलोचन कौर, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने अतिथि स्वागत के साथ यह बताया कि इस तरह का आयोजन आदिवासी सभ्यता का सम्मान महाविद्यालय द्वारा उन्नति के अवसर प्रदान करने प्रयास है।





### विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

समूह नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके द्वारा छात्र एवं छात्राऐं आदिवासी सभ्यता एवं संस्कृति को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में समूह नृत्य में प्रथम स्थान सुभाषचंद्र बोस समूह, द्वितीय विवेकानंद समूह एवं तृतीय चंद्रशेखर आजाद समूह ने प्राप्त किया। साथ ही आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मेघा वर्मा, द्वितीय स्थान अमित कुमार एवं तृतीय स्थान वासुदेव ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में निर्णायक डॉ. के पद्मावती विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, डॉ. मर्सी जॉर्ज विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग, डॉ. रिचा ठाकुर प्राचार्य संगीत महाविद्यालय दुर्ग उपस्थित थी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राकेश तिवारी एवं लक्ष्मेन्द्र कुलदीप थे। महाविद्यालय में गठित विभिन्न हाउस के प्रभारी समस्त विभाग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## बजरंग दल की हुई बैठक

**दुर्ग।** अखंड भारत दिवस 14 अगस्त और विजयादशमी उत्सव तैयारियों की योजनाओं को लेकर बजरंग दल की बैठक हुई। बैठक छत्तीसगढ़ बजरंग दल प्रांत संयोजक के निर्देश पर विभाग संयोजक रवि निगम ने सभी जिला एवं प्रखंड के अधिकारियों की बैठक महाराणा प्रताप भवन शंकर नगर में ली। जिसमें अखंड भारत उत्सव के मशाल रैली शहीद चौक दुर्ग से पटेल चौक तक पश्चात भारत माता आरती कर कार्यक्रम के समापन की योजना बनाई तथा और अनेक कार्यक्रमों के लिए बजरंग दल के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए जिसमें रवि निगम के अलावा संगठन विभाग के ईश्वर गुप्ता, जिला सत्संग प्रमुख इंद्रजीत गोस्वामी, जिला सह मंत्री अपूर्व सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस राजपुर, शहर अध्यक्ष अमित राजपूत, जिला गौसेवा विभाग के ऋषभ जैन, ज्ञानचंद समेत 30 अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में रवि निगम जने आगामी कार्यक्रमों को भव्यता प्रदान करने के लिए सभी उपस्थित बजरंगियों को लक्ष्य दिया।

पेज 9 का शेष

### नौकरी लगाने के ...

कि इसी दौरान गोपाल उर्फ चंद्रप्रताप जोशी द्वारा स्वयं का प्रा.लि. कंपनी खोलकर शासन की योजनाओं के तहत 1 करोड़ दिए जाने की बात कहकर मुझे पंजीयन कराने के नाम से 5.50 लाख जिसमें स्वयं इंडियन ओवरसीज बैंक खाता बालोद में किश्तों में एनईएफटी एवं फोन पे के माध्यम से गोपाल उर्फ चंद्रप्रताप जोशी को दिया गया। जिसमें उनके द्वारा मुझे कुछ डाकुमेंट लाकर हस्ताक्षर करवाये थे। और कंपनी का खाता बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक बालोद में खुलवाए, जिसमें 1 लाख रूपये जमा करवाया गया। इसके बाद 55,00,000 रूपये का एप्रुवल लेटर दिया गया। जिसे बैंक जाकर पता करने पर लोन की रकम होना बताया गया। इस कारण लोन की रकम लेने से मना किया हूं। इस संबंध में गोपाल सिंह को पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया गया। प्रार्थी आकाश ढीमर ने आरोप लगाया कि गोपाल सिंह उर्फ चंद्रप्रताप जोशी, दीपक कुमार, सूर्यप्रताप जोशी, गौरी शंकर राव ने मुझे नौकरी लगाने व प्रा लि कंपनी बनाने के नाम पर कुल 10 लाख रूपये लेकर धोखाधड़ी की गई है।

## खबर संक्षेप

### हीरापुर में आज से हरि नाम संकीर्तन

**बालोद।** ग्राम हीरापुर में कूडेरादादर के प्रवचनकर्ता कामता प्रसाद शरण



का हरि नाम संकीर्तन 12 अगस्त को शाम 7 बजे होगा। यह कार्यक्रम घर पूजा के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है, जो चम्पा बाई निषाद, भोजराम निषाद, करण निषाद, संतोष निषाद के तत्वावधान में होगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पंजीयन 31 अगस्त तक

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2025–26 हेतु कक्षा 12वीं से उच्चतर कक्षाओं के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पोस्ट मैट्रिक–स्कॉलरशीप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाईन नवीनीकरण तथा नवीन पंजीयन 31 अगस्त 2025 तक की तिथि निर्धारित की गई है। इसके साथ ही स्वीकृति एवं डिसबर्स करने की तिथि शासकीय संस्था हेतु 07 सिंतबर एव अशासकीय संस्था हेतु 10 सितंबर की तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025–26 से छात्रवृत्ति का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से किया जा रहा है। पीएफएमएस द्वारा आधारित भूगतान की जा रही है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय आधार सीडेड बैंक खाता नंबर की प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा है। इसके साथ ही सत्र 2024–25 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से ओटीआर की प्रविष्टि ऑनलाईन आवेदन करते समय किया जाना है। ओटीआर की प्रविष्टि के संबंध में संस्थाओं द्वारा विद्यार्थियों अधिक जानकारी प्रदान की जाएगी।

### थनौद में पौधारोपण किया गया



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मिनी माताजी के जन्म जयंती के अवसर पर ग्राम थनौद में पौधारोपण किया गया एवं मिनी माता के बताएं मार्गों पर चलने का संकल्प लिया गया जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच ग्राम पंचायत थनौद मेनका दिनेश देशमुख पूर्व जनपद सभापति हरेंद्र धृतलहरे उप सरपंच मनीष धृतलहलरे पंच देवेंद्र देशमुख पिंकला देशमुख आसिया बेगम संध्या देवांगन धनराज देवांगन ललिता देशमुख धनेंद्र सिंहा तृप्ति चक्रधारी जयंती प्रेमलाल चक्रधारी केशव संदीप खरे धनु लाल खरे भीष्म देशमुख गेवन खरे सहित अन्य ग्रामीण नागरिक जन उपस्थित थे।

### नगर के शासकीय बालक स्कूल में किया पौधरोपण

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय में वरिष्ठ व्याख्याता प्रदीप मेश्राम ने पौधारोपण किया । शासन की महती योजना एक पेड़ मां के नाम का पालन करते हुए, मेश्राम सर द्वारा दो अशोक के और एक बेला युक्त पौधे का रोपण किया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने व्यक्तिगत रूप से विद्यालय को 12 हैंगिंग गमले प्रदान किया और साथ ही साथ उसमें बेल युक्त पौधे तथा पुष्प युक्त पौधे भी लगाये जिससे विद्यालय की सुंदरता और बढ़ जाये, उनके इस कार्य से प्रभावित होकर कई बच्चों द्वारा अपने घरों से विभिन्न प्रकार के सजावटी फूलों और पत्तों का रोपण भी क्यारी में किया गया । इस अवसर पर एल के ठाकुर और आर एन योगी द्वारा भी चंपा और नीम के पौधों का रोपण किया गया। व्यायाम शिक्षक सौरभ शर्मा द्वारा अपने जन्म दिवस के अवसर पर विद्यालय के क्यारियों को जाली तार से सुरक्षा घेरा करवाया। उक्त गतिविधियों में एनुका शार्वा,डुप्ले साहू,कपिल पटेल, हेमंत साहू आदि उपस्थित थे।

पर्व

## भाई–बहन के स्नेह का पर्व पर सरस्वती शिशु मंदिर में हर्षोल्लास

# सरस्वती शिशु मंदिर में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया रक्षाबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के डॉ हेडगेवार सदन में रक्षाबंधन का पर्व विगत वर्षों की भांति मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बहनें, भैय्या के कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधा कर मुंह मीठा कराए। इसके पूर्व आचार्य दीदियों के साथ चार टोली बनाकर नगर में भ्रमण करते हुए रक्षा सूत्र बांधा गया। पहला ग्रुप बस स्टैंड, दूसरा ग्रुप सदर लाइन, तीसरा ग्रुप शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जामगांव, चौथा ग्रुप सेवा बस्ती में भ्रमण कर सैकड़ों कलाई में रक्षा सूत्र बांधा गया।

रक्षाबंधन स्नेह आदर सम्मान का प्रेरणादाई पर्व है रक्षाबंधन समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य पीएल.बारले कहा कि रक्षाबंधन स्नेह आदर मान सम्मान करना और एक दूसरे का रक्षा करना सिखाता है। सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र छात्रएं भाई बहन की स्नेह भरी भूमिका निभाते है बोल चाल में भी भैया और बहन का संबोधन सरस्वती शिशु मंदिर में करते है। प्राचार्य ने कहा कि एक दूसरे के प्रति सद्भावना का पर्व है रक्षाबंधन। रक्षाबंधन भाई बहन की मिलन का पर्व है उप–प्राचार्य लिकेश्वर साहू ने कहा कि रक्षा बंधन स्नेह की गंगा बहाते है दूर दूर रहने वाले भाई बहन को मिलाते है एक दूसरे का कुशलता से अवगत होते है। वैसे भी भारत की संस्—ति पर्वों के माध्यम से अनेकों संस्कार से रिश्तों को मजबूती देती है। सरस्वती शिशु मंदिर में विधार्थियो का आपस में भैया बहन का संबोधन संस्कार की जीवंत मिशाल है। आचार्य हथेश्वर प्रसाद परमानंद टंडन, दिव्या चंद्राकर, प्रीति साहू, सुनीता सेन, शशि यादव, डामिन साहू, काजल धनकर, दीपिका एवं समस्त आचार्य दीदी उपस्थित थें।





### हायर सेकंडरी के छात्रों ने मनाया रक्षा बंधन का पर्व

**बालोद।** उच्च माध्यमिक विद्यालय हर्राठेमा में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। विवेकानंद सभागार में सभी बहनों ने अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधी और मिठाई खिलाई। भाइयों ने रक्षा का संकल्प लेते हुए बहनों को




उपहार भेंट किए। प्रभारी प्राचार्य सीएल कलिहारी ने इस पर्व की महिमा बताते हुए कहा कि रक्षा बंधन एक ऐसा त्यौहार है, जो भाई–बहन के बीच सौहार्दपूर्ण बंधन का प्रतीक है। यह भाई–बहन के बीच अटूट प्रेम का प्रतीक हैं, उसके बीच का बंधन प्रेम स्नेह और देखभाल से पोषित होता है। इस बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। डांस प्रतियोगिता में मीनाक्षी प्रथम, यामिका द्वितीय व खुशबू तृतीय स्थान पर रही। राखी बनाओं प्रतियोगिता में यूनिका प्रथम, चंचल द्वितीय व नेहा तृतीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में शालिनी प्रथम, वंदना द्वितीय एवं कनक तृतीय स्थान पर रही। जीत हासिल करने वाले छात्र–छात्राओं को विद्यालय की ओर से पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका द्रौपदी सिंह, लता ठाकुर, शिक्षक प्रमोद अवस्थी, शोभित पटेल, प्रयागराज ठाकुर, शिव पटेल एवं ममता नुरूटी ने सहयोग प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन लता ठाकुर पिल्ले ने किया।





### ब्रह्माकुमारी की बहनों ने मनाया रक्षाबंधन का पर्व





**गुरूर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रभु उपहार भवन गुरुर में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर बीके सरस बहन ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व इस संसार में पवित्रता और मर्यादाओं के बंधन में बंधने के लिए ईश्वरीय उपहार है। इससे मानवीय संबंधों की गरिमा स्थापित होती है, जब सभी संबंधों की डोर परमात्म प्रेम एवं निःस्वार्थ भाव से जुड़ जाती है, तब स्वयं के साथ दूसरों की रक्षा स्वतः हो जाती है। रक्षाबंधन सभी त्योहारों में अनोखा है। भारत की संस्कृति तथा मानवीय मूल्यों को प्रत्यक्ष करने वाली है। उन्होंने कहा यह त्यौहार अनेक आध्यात्मिक रहस्यों को प्रकाशित करने और भाई बहन के वैश्विक रिश्तों की स्मृति दिलाने वाला एक परमात्म उपहार है। वर्तमान कालखंड में ऐसी ही अध्यात्मिक राखी स्वयं को और सर्व आत्माओं को बांधने की जरूरत है, तब ही हमारा भारत देश पुनः सर्वगुण संपन्न और स्वर्णिम बन सकेगा। संस्था से जुड़े भाई बहनों को ब्रह्माकुमारी बहनों ने परमात्म स्मृति तिलक लगाकर ईश्वरीय राखी बांधी और मुंह मीठा कराया। इस दौरान उत्सव की दिव्यता सभी को परमात्म प्रेम का बोध करा रही थी। ब्रह्माकुमारी बहनों ने स्वास्थ विभाग, पुलिस विभाग, बैंक व अन्य स्थानों मे जाकर राखियां बांधी। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ जन सहित संस्था से जुड़े गांव व नगर के सैकड़ो भाई बहनों ने रक्षाबंधन पर्व में भाग लेकर परमात्मा शिव का रक्षा सूत्र बंधवाया।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के लिए छात्राओं ने निकाली रैली

## पीएमसी सेजल हाईस्कूल में स्तनपान सप्ताह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के सेक्टर नगपुरा में परियोजना अधिकारी ऊषा झा के मार्गदर्शन में पीएमसी सेजल हाईस्कूल में स्तनपान सप्ताह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, सरपंच सरोज रिंगरी, प्राचार्य बसंत कुमार यादव सखी वन स्टाप सेंटर देवलता तिवारी, महिला पुलिस प्रियंका शर्मा, पर्यवेक्षक इंदु मिश्रा उपस्थित थीं।

कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं की शपथ दिलायी गई, इसके बाद बालिकाओं ने रैली निकाली। प्रियंका शर्मा, महिला पुलिस द्वारा महिलाओं में घरेलू हिंसा, लैगिंक हिसा, बलत्कार, भ्रूण हत्या, लिंग चयन संबंधित जानकारी दी। देवलता तिवारी बालिकाओं को स्वयं की सुरक्षा बचाव कैसे करना है, किसी अनजान व्यक्ति अपना फोटो, मोबाइल नंबर नहीं दें, इस्टाग्राम में फोटो नहीं डाले, घरेलू हिंसा की जानकारी हो तो सखी वन स्टापसेंटर को 181 में काल करें की विस्तार से जानकारी दी। जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने मोबाइल का उपयोग कम से कम करना है, सारा ध्यान पढ़ाई में लगाना है, तब आगे चलकर पुलिस, डाक्टर, इंजीनियर, जज बनोंगे, बालिकाओं को ऊंचे पद में आसीन होने एवं कड़ी मेहनत करने कहा। मल्लिका अग्रवाल द्वारा पौष्टिक आहार की जानकारी दी गई। अपनी निजी बातों को फ्रेंड से शेयर न करके मां से शेयर करें, इंदु मिश्रा द्वारा प्रतिदिन भोजन में शामिल किए जाने पोषक तत्व, आयरन गोली, व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म, गुड टच, बेड टच की जानकारी दी। योगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें चित्र पेटिंग में प्रथम -पलक पटेल, शालनी पटेल, द्वितीय-ममता यादव, योगिता यादव, तृतीय-जसा मिंह टंडन, भावना देशमुख, रंगोली में प्रथम-भारती धनकर, द्वितीय-भूमिका निर्मलकर, तृतीय-त्रिसा साहू सभी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षक रोमन देशमुख, अशोक देशमुख, प्रकाश दुबे, सरिता देवांगन, प्रतिमा साहू, ममता ताम्रकार, ममता कौर, मल्लिकाअग्रवाल, डी. देशमुख, निधि सिंह, प्रीति जैन सेक्टर पर्यवेक्षक, इंदु मिश्रा एवं नगपुरा सेक्टर की कार्यकर्त्ता सुनिता देवांगन, पुष्पलता देवांगन, शारदा मंडारे, प्यारी गोस्वामी, सरस्वती सिंहा, पुष्पा शिवहरे, रोहणी देशमुख, तारा देशमुख, शोमिन साहू, कल्याणी देशमुख, सरस्वती गौतम उपस्थित थीं।

# शहीद कौशल यादव कॉलेज में पूर्व छात्रों का मिलन समारोह संपन्न

**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में एल्युमनी समिति द्वारा भूतपूर्व छात्र–छात्रओं की बैठक आयोजित की गई।

सत्र की प्रथम बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंदना बोस, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.केडी.चावले, डीएस.सहारे, आरपी.निषाद, शिखा श्रीवास्तव, ऋतु सोरी समस्त अतिथि व्याख्याता एवं महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्र–छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.ए.के.भुई द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. बोस द्वारा एल्युमनी के स्वागत पश्चात नैक मूल्यांकन में एल्युमनी




संस्था की भूमिका तथा उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में एल्युमनी अतिथियों द्वारा उनके अनुभव को साझा किया गया एवं सदस्यों ने इस प्रकार के कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. तृप्ति राजपूत, विभागाध्यक्ष, भूगोल द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# साहू समाज ने जागरूकता अभियान में पौधारोपण किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

तहसील साहू समाज द्वारा जागरूकता अभियान के तहत ग्राम फुंडा में बैठक लेकर पुरुषों के समान महिलाओं की बराबर भागीदारी सुनिश्चित करने, शिक्षा, स्वास्थ्य, खान पान, रहन–सहन एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण आदि विषयों पर चर्चा के साथ पौधारोपण किया गया। इस क्रम में ग्राम कजराबांधा, चारभाठा, रजौली, कुम्हली ग्रामों में यह कार्यक्रम किया गया। जिसमें तहसील साहू समाज के अध्यक्ष मानसिंह सार्वा, पूर्व अध्यक्ष केशव राम साहू, परिक्षेत्रिय अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, कुशल राम साहू, भागवत साहू ग्रामवासी सेतराम साहू, गुमान साहू, हिमेंद्र साहू, नेतराम साहू, लेखू राम साहू, नारद साहू, राम साहू, हरिश्चंद्र साहू, नारायणी साहू, उर्वशी साहू, ईश्वरी साहू, सोना बाई साहू, बिस्मत साहू, गौरी बाई साहू, कामिनी साहू उपस्थित थे।

# हायर सेकंडरी में तीन स्तर पर होगी पढ़ाई

हरिभूमि न्यूजःगुरूर

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनेरी में पालक शिक्षक मेगा बैठक हुई,

- पालक शिक्षक बैठक में ग्रामीणों और स्कूल प्रबंधन के बीच बनी सहमति

जिसमें मुख्य अतिथि जनार्दन सिन्हा थे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत कनेरी दिनेश्वरी सिन्हा ने की।

विशेष अतिथि जयंती सिन्हा, उपसरपंच देवमन पटेल, तारकेश्वरी साहू, सनत मंडावी, चन्द्रेश यादव, विशाल बघेल, जानूराम साहू, पन्नालाल पटेल उपस्थित थे। सरपंच दिनेश्वरी सिन्हा ने कहा कि हर विद्यार्थी घर जाकर शिक्षकों द्वारा




पढ़ाये गए पाठ्य वस्तु को मन लगाकर पढ़े। उन्होंने उपस्थित पालकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि जनार्दन सिन्हा ने कहा विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच स्तरीय वर्गीकरण किया गया है, जिसमें 10–40 प्रतिशत, 40–60 प्रतिशत, 80–100 प्रतिशत प्रत्येक स्तर के आधार पर शिक्षक विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य कराएंगे।

कमजोर विद्यार्थियों को उनके स्तर के आधार पर आगे बढ़ने प्रेरित किये। बैठक में व्याख्याता एसएल साहू ने पालक शिक्षक बैठक का उद्देश्य बताया। पालक शिक्षक के साथ बेहतर संवाद, बच्चों की प्रगति एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओ का आकलन कर पालकों के साथ समन्वय स्थापित कर परिणाम उन्मुखी प्रयास पर जोर दिया।

व्याख्याता आरडी साहू, पीडी मानिकपुरी, जीके गंगबेर, जीएल श्याम के वैद्य ने घर का वातावरण छात्र दिनचर्या, बच्चे ने आज क्या सीख, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों के अकादमिक प्रगति, परीक्षा पर चर्चा, आयु एवं कक्षा अनुरूप स्वास्थ परीक्षण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, विभागीय योजनाओं की जानकारी, पॉक्सो एक्ट 2012, विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म, डिजिटल लाईब्रेरी के विषय में विस्तार से जानकारी दी। आभार प्रदर्शन प्राचार्य बीआर ठाकुर ने किया।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, नरेंद्र कुमार जैन, पिता स्वर्गीय श्री सुगन चंद जैन एवं माता श्रीमती मीना बाई जैन, निवासी 09/1, वार्ड नं. 07, डोंडी लोहारा, जिला बालोद, छत्तीसगढ़, यह घोषणा करता हूँ कि-

- मेरे नाम के स्थान पर कुछ अभिलेखों में नरेंद्र कुमार अंकित है।
- मेरे स्वर्गीय पिता के नाम के स्थान पर कुछ अभिलेखों में सुगन लाल अंकित है जबकि सही नाम सुगन चंद जैन है।
- मेरी माता के नाम के स्थान पर कुछ अभिलेखों में मीना बाई जैन के बजाय मीना बाई जैन अंकित है।

अतः भविष्य में सभी अभिलेखों में मेरा नाम नरेंद्र कुमार जैन, मेरे स्वर्गीय पिता का नाम स्वर्गीय सुगन चंद जैन एवं मेरी माता का नाम मीना बाई जैन ही मान्य होगा।

सभी संबंधित विभागों एवं व्यक्तियों से अनुरोध है कि इसे संज्ञान में लें।

हस्ताक्षर
नरेंद्र कुमार जैन

## ग्राम जंगली भेजा में धूमधाम से मनाया विश्व आदिवासी दिवस

# विश्व आदिवासी दिवस समाज ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

पंचगहिया आदिवासी गोंडवाना सेवा समिति द्वारा ग्राम जंगली भेजा में विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। जिसमें ग्राम बड़भूम, दुग्गबहरा, भेजा, पेटेचूवा, कंकालीन, मरकाटोला के आदिवासी समाज के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समाज की महिलाओं के द्वारा कलश यात्र निकाला गया। जो पूरे ग्राम के भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल रंग मंच में पहुंच कर स्थापना किया गया। आदिशक्ति बूढ़ा देव के सेवा अजऍ समाज के बलिदानी महापुरुषों का पूजा अर्चना कर सतरंगी ध्वजा रोहन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत






अपर कलेक्टर ईश्वर लाल सलाम, व्याख्याता भागबली कोर्राम रहे। अध्यक्षता अध्यक्ष पांचगहिया आदिवासी समाज एचके कुंजाम ने किया। विशेष अथिति सदस्य जनपद पंचायत गुरुर अजीत कुंजाम, नानक उईके, पीआर ठाकुर, साधुराम कुरैटी, महिला प्रभाग अध्यक्ष ऊषा नेताम, जागेश्वरी हिड़को, रामकुवर भास्कर, दुरजु राम तारम उपस्थित थे। कार्यक्रम में एचके कुंजाम ने आदिवासी दिवस पर समाज के संस्कृति अधिकार के बारे में अवगत कराया। समाज के बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के उपाध्यक्ष गैंद राम कोरेटी, सचिव फागू राम सोरी, मेघनाथ सलाम, चतुर सिंह जूरी, सुरेश कुरैटी, प्रभु राम कुरैटी, गैंद राम उईके, सहदेव हिड़को, बबलू कुंजाम, प्रमोद कुंजाम, दिगेश कांगे बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के महिला पुरूष युवा उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन शिवम कुरैटी ने किया।

### सुरक्षा के लिए सरकार और समाज का सहयोग जरूरी



**गुण्डरदेही।** विश्व आदिवासी दिवस पर गुण्डरदेही के गोंडवाना आदिवासी समाज ने नृत्य के साथ कलश यात्रा निकाली। कलाश यात्रा गोंडवाना भवन कोकड़ी पारा गुण्डरदेही गौरा चौक से चंडी मन्दिर, बस स्टैंड होते हुए शहीद वीर नारायण सिंह चौक पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष एवं हलबा समाज के ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन सिंह तारम थे। अध्यक्षता पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद पवन साहू ने की। विशेष अतिथि गोंडवाना समाज के संरक्षक थानसिंह मंडावी, मण्डल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, समाज सेवक सतीश साहू, पार्षद संतोष कुमार नेताम, विनोद चंद्राकर, शैल महोबिया, भारती साहू, हरीश निषाद उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर मल्यार्पण किया गया, अतिथियों ने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति पूजक है और प्रकृति की रक्षा के लिए हमेशा प्रयासरत है। आदिवासी समाज की संस्कृति धरोहर और उनके अधिकार की सुरक्षा के लिए सरकार और समाज का सहयोग जरूरी है। इस अवसर पर समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## सेवानिवृत्ति पर शिक्षक को दी गई विदाई

**गुरूर।** ग्राम मोखा से उच्च वर्ग शिक्षक दशरथ लाल श्याम को माध्यमिक शाला मोखा में सेवाकाल पूर्ण करने पर विदाई दी गई। उन्होंने 1983 से 18 वर्ष की उम्र से जुलाई 2025 तक मोखा में अनवरत 42 वर्ष 7 माह एक ही स्कूल में अपनी सेवाएं दी। विभिन्न पदोन्नति के बाद भी वे इसी विद्यालय में अपनी सेवाएं दी। ऐसे शिक्षक की समस्त ग्रामवासी मोखा और शाला परिवार मोखा की ओर से विदाई दी गई। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र गंजीर, उपाध्यक्ष रामस्वरूप सिन्हा, सचिव कांशीराम कलिहारी, सहसचिव विमल सिन्हा, कोषाध्यक्ष उदयसिंह ठाकुर, सहकोषाध्यक्ष फागुराम नेवेन्द्र, संरक्षक हेमराज कलिहारी, ग्राम पटेल रामचरण पटेल, संचालक कारी बदरिया युगल किशोर साहू, उपसरपंच पंचराम निषाद, समस्त पंचगण एवं शाला परिवार मोखा, स्कूल के बच्चे, ग्राम की माताओ और ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नहर से पानी छोड़ने की मांग

**अर्जुंदा।** छत्तीसगढ़ मे ग्रामीणों की आजीविका का साधन कृषि है, किसानी के समय किसानों के लिए



मुख्य समस्या पानी की होती है, बरसात मे पानी की कमी के कारण एक बड़ी आबादी व सालाना कृषि में काफी नुकसान उठाना पड़ता है। जनपद सदस्य धारा पंकज चौधरी ने कहा अर्जुंदा तहसील में इस मर्तबा पानी का संकट लगभग 40 गांव के किसान झेल रहे हैं, वजह यह है कि बरसात मे पानी नहीं गिर रहा है, जिसके कारण किसानी के लिए खरखरा मोहंदीपाट परियोजना नहर का पानी मुख्य स्त्रोत रही है। जनपद सदस्य धारा चौधरी ने सिचाई के लिए किसानों को राहत देने प्रशासन को पत्र लिखकर अतिशीघ्र पानी छोड़ने उचित कार्यवाही करने कहा है।

**अभियान : भाजपा मंडल गुरूर के 16 शक्तिकेंद्रों के 58 बूथों में हर घर तिरंगा लगाने की पहल**

# दस हजार लोग थामेंगे तिरंगा, होगा भव्य नगर भ्रमण







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय गुरुर में हर घर तिरंगा, घर–घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा संबंधी मंडल कार्यशाला आयोजित की गई।

जिला की ओर से गुरुर मंडल प्रभारी सुरेंद्र देशमुख एवं सह प्रभारी कमल पनपालिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। सह प्रभारी कमल पनपालिया ने 11 से 14 अगस्त तक चलने वाले अभियान के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए सभी को इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। भाजपा मंडल गुरुर के 16 शक्तिकेंद्रों के अंतर्गत 58 बूथों में हर घर तिरंगा लगाने हेतु प्रेरित किया गया तथा झंडों का वितरण भी किया गया।

तिरंगा यात्र 13 अगस्त को गुरुर में मंडल स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग 10,000 लोग सम्मिलित होकर देश की आन, बान और शान तिरंगे को हाथों में लेकर नगर भ्रमण करेंगे। यात्र में देशभक्ति गीत, झांकी प्रदर्शन और जनसहभागिता कार्यक्रम शामिल रहेंगे।यह कार्यक्रम किसी विशेष राजनीतिक दल का न होकर पूरे नगर के नागरिकों का होगा। इसमें स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थी, आमजन एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यशाला बैठक मे मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू व गणेश्वरी खरेंद्र, महामंत्री ताम्रध्वज यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य चंद्र प्रकाश गांधी, राजेश दीवान, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललिता पीमन साहू, मंत्री दिनेश्वरी सिन्हा, जितेश्वरी निषाद, पुष्पेंद्र तिवारी, चंदन सिन्हा, रामसहाय साहू, कुंती सिन्हा, कमलेश ओझा, नारायण टेके, मधु जगदल्ले, तारादेवी यादव, यादराम साहू, अनमोल बग्गा, स्कूल जनभागीदारी अध्यक्ष गण, सोसाइटी अध्यक्ष गण, मंडल के कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष गण एवं युवा मोर्चा, महिला मोर्चा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान को लेकर बैठक हुआ



**गुरूर।** भाजपा प्रदेश एवं जिला नेतृत्व पर 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत भाजपा मिरएँटोला मंडल कार्यशाला के संबंध मे बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक भाजपा जिला प्रवक्ता जितेन्द्र साहू, जिला मंत्री चन्द्रलता साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, जिला महामंत्री सौरभ लुनिया, मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू, जिला पंचायत सभापति चंद्रिका गजीर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जहां मंडल कार्यशाला के प्रभारी गण हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी मंडल कार्यशाला कार्यकर्ताओं को दी।

इस अवसर पर महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू, मंडल कोषाध्यक्ष प्रहलाद साहू, उपाध्यक्ष मेहत्तर नेताम, होमशंकर साहू, सविता साहू, डोमेश्वरी साहू, मीना साहू, जनार्दन सिन्हा, याद राम साहू, आदित्य पिपरे, रेणुका गजेन्द्र, बाबू सहित बूथ अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता गण मंडल कार्यशाला में उपस्थित थे।

## सिकोसा मंडल बैठक में तिरंगा यात्रा की रणनीति बनी



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सिकोसा के तत्वावधान में तिरंगा यात्र के तहत हर घर तिरंगा घर–घर तिरंगा कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला बालोद महामंत्री एवं मंडल प्रभारी राकेश यादव बैठक में आगामी तिरंगा यात्र की तैयारियों, मार्ग निर्धारण, समय–सारणी तथा व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं से घर–घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने हेतु जनजागरण चलाने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम मे सह सयोजक अश्वनी कटहरे,मंडल अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा, महामंत्री आशीष साहू, सह सयोजक भानुमति साहू, आशीष दिल्लीवार, सारिका मेहर, ढालेन्द्र सार्वा, कमलेश सिन्हा, महेश देवांगन, तामेश्वर सिन्हा, लेखराम साहू, प्रकाश सांवरे, नोहर साहू, कविता चंद्राकर, रोहित साहू, डामन चौरे, महेश महिलवार उमेश साहू, भूषण साहू व अन्य कार्यकत्रा गण उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा अभियानः सकरौद में भाजपा की मंडल स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न



**अंडा।** तिरंगा यात्रा को लेकर बूथों तक संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए ओटेबंद मंडल के ग्राम सकरौद में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिला बालोद के अध्यक्ष चेमन देशमुख ने की हर घर तिरंगा के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिकों को व उनके बच्चों के राष्ट्र हित सर्वोपरि की भावना से जोड़ना है, कार्यक्रम के मंडल प्रभारी अश्विनी यादव जी ने कहा कि देश सीमाओं से बंधा हो सकता है। परंतु भारत राष्ट्र है और राष्ट्र की परिकल्पना सीमाओं के बाहर है, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर जी ने कहा कि हर घर तिरंगा यात्रा के माध्यम से बाइक रैली का आयोजन कर पूरे ओटेबन्द मंडल को देशभक्ति की भावना से जोड़ना है। मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू ने कहा कि नए मंडल के निर्माण के पश्चात हम सबके सामने कठिन लक्ष्य है परंतु हम हर हाल में उसे हासिल करेंगे। कार्यक्रम के मंडल संयोजक श्रीकांत वर्मा ने आभार किया, महामंत्री तुलेश्वर चंद्राकर ने मंच संचालन किया इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल कार्यक्रम के सदस्य योगेश शर्मा , रश्मि चंद्राकर, पुखराज निर्मलकर जिला कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र यादव,चेतन साहू जनपद सदस्य गुलशन हिरवानी, हेमलता देशलहरा, गुलाब देशलहरा, रवींद्र देशलहरा, राजेन्द्र चंद्राकर, धनेश चंद्राकर, ढालसिंह मंडावी,आगेश यादव,घना राम साहू, सरपंचगण जीवन साहू, हेमलाल यादव,कृष्णा चंद्राकर, प्रदीप साहू, भूपेंद्र निषाद, प्रमोद देशमुख, शत्रुहन साहू, भीषम साहू सहित सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक, सहसंयोजक, बुथ अध्यक्ष गण सहित भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## धनगांव में अखंड रामायण पाठ का हुआ आयोजन



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम धनगांव में श्रावण पूर्णिमा एवं रक्षाबंधन के पावन पर्व पर श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पंडित राजेंद्र प्रसाद दुबे डौंडीलोहारा लोहारा की उपस्थिति में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## कम बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी खेतों में दरारें और धान में पीलेपन की मार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

बीते पखवाड़े भर से बालोद जिले के कई क्षेत्रें में कम बारिश ने अन्नदाताओं के चेहरे पर चिंता के सांथ चेहरे में मायूसी छा गई है, खेतों में पानी की कमी से धान में हल्के पीलेपन की शिकायत आ रही है व असिंचित खेत में दरारें पड़ने लगी है। वही धान तकरीबन डेढ़ माह से ज्यादा हो जाने के कारण अब खाद व बीमारियों से बचने दवाई डालने के लिए किसानों को खेत में भरपूर पानी की जरूरत हैं। जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 5 गुलशन चंद्राकर ने कहा कि खरखरा मोहंदीपाठ नहर सिर्फ मानो नक्शे पर शोभा बढ़ा रहा है, समय रहते खरखरा व तांदुला जलाशय से अविलंब किसानों के हित को ध्यान रखते हुए नहरों से पानी छोड़े, ताकि समय रहते किसानों के खेतों तक पानी पहुंचे, वही फसलों को बचाया जा सके, गौर हो कि अगस्त महीने में पिछले वर्ष की अपेक्षा कम बारिश से किसान चिंतित है।

## शिवसेना का गौवंश संरक्षण महा हस्ताक्षर अभियान लोहारा में चलाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शिवसेना का गौवंश संरक्षण महाहस्ताक्षर अभियान एक प्रदेश व्यापी आंदोलन विगत एक माह पूर्व से राज्य भर में चलाया जा रहा है। शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार द्वारा 3 जुलाई 2025 को प्रदेश कार्यालय रायपुर से इसका आगाज़ किया गया था।

बालोद जिले में जिलाध्यक्ष विजय पारख के नेतृत्व में यह अभियान यहां शहर शहर गाँव गांव तक फैलाया जा रहा है। सोमवार को डौंडीलोहारा के बाजार चौक में शिवसेना ने स्टॉल लगाकर गौवंश संरक्षण हेतु अपार जन समर्थन हासिल किया।

इस दौरान शिवसेना प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष तिवारी, प्रदेश कामगार सेना उपाध्यक्ष डॉ संजीव कुमार बालोद, जिला संगठन के नेता जयप्रकाश चंद्राकर, बालाराम साहू,ललित कुमार रावत, रोशन ढीमर, हेमंत भुआर्य ,मनीष शर्मा आदि शिवसैनिक पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया। शिवसेना जिलाध्यक्ष विजय पारख ने कहा कि हमारे इस अभियान ने प्रदेश की विष्णु देव सरकार से गौ वंश के लिए गौधाम का निर्माण,गौ धाम में कलेक्टर दर पर चरवाहे की नियुक्ति किया जाना सहित अनेक मांग मान ली गई है, परन्तु जब तक गौवंश पूरी तरह सुरक्षित नहीं हो जाते व जब तक गाय को राजमाता का दर्जा नहीं दिया जाता शिवसेना का आंदोलन जारी रहेगा।

## पालक-शिक्षक बैठक में बच्चों को समय देने पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

सेजेस स्कूल लाटाबोड़ में सोमवार क़ो पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। प्राचार्य सी.एल. सिन्हा ने शिक्षा से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं से पालकों को अवगत कराया एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। चर्चा में मुख्य रूप से बच्चों की पढ़ाई का उचित वातावरण, छात्र-छात्राओं की दिनचर्या, पालक-शिक्षक दायित्व, बच्चों की पढ़ाई से संबंधित समस्या जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई। उपस्थित पालकों ने अपने-अपने विचार रखें और कहा की हमें अपने बच्चों को समय देना चाहिए व उनके साथ समय बिताना चाहिए जिससे उनकी हर गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा सके।

बैठक में पालक शिक्षक व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष क्यामल साहू, सरपंच तेजप्रकाश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा, कश्चित साहू, धरम साहू, मीना यादव, मनहरण सिन्हा ,भवेंद्र कुमार ,नीलकंठ साहू, यादराम निर्मलकर, टूमनलाल साहू, सीता पटौदी, राजू लाल साहू उपस्थित रहे।

स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
30 अगस्त 2025
10 सितंबर 2025
25 सितंबर 2025
15 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22501/- ऑफर 19,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप), माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:- स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

डेनियल स्कीन & लेज़र क्लीनिक, धमतरी
LASER HAIR REMOVAL
VITILIGO/WHITE PATCH
LASER MOLE REMOVAL
TATTOO REMOVAL
FUNGAL INFECTION
HAIR TREATMENT
Awarded Best Skin Clinic in Chhattisgarh at Global Icon Award 2023
GLOBAL ICON AWARDS 2023
समस्त चर्म रोगों का ईलाज
चटर्जी अस्पताल, अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी (छ.ग.)
संपर्क सूत्र : 89650-27822 अग्रिम पंजीयन : 077222-96003
-: ओपीडी समय :-
सोमवार से शनिवार
सुबह 11 से शाम 6 बजे तक